प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 20.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- केन्द्र सरकार ने कम मूल्य के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रत्येक गांव और ढाणी में शिक्षा का प्रभावी प्रसार प्राथमिकता से करने पर जोर दिया है।
- प्रदेश में एग्रीस्टेक योजना के तहत अब तक 51 लाख से अधिक किसानों ने अपने फार्मर आईडी बनवाये।
- खेलो इंडिया पैरा गेम्स का दूसरा संस्करण आज से नई दिल्ली में।

......................

केन्द्र सरकार ने कम मूल्य के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना में छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर शून्य दशमलव एक–पांच प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

......................

सरकार ने पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को भी स्वीकृति दी है। इस पर एक हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च किये जायेंगे। मंत्रिमंडल ने डेयरी विकास के लिए संशोधित राष्ट्रीय कार्यक्रम को भी मंजूरी दी। श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहल डेयरी बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और विस्तार पर केंद्रित है।

......................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान में आयोजित उद्यम उत्सव में भाग लेंगी। इस कार्यक्रम का आयोजन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय कर रहा है। 30 मार्च तक चलने वाले इस उद्यम उत्सव का उद्देश्य देश की जीवंत विरासत को नागरिकों के करीब लाकर एमएसएमई को सशक्त बनाना और प्रोत्साहित करना है।

......................

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में हरित ऊर्जा का योगदान 42 प्रतिशत से अधिक है। कल नई दिल्ली में 32वें कन्वर्जेंस इंडिया एक्सपो, स्मार्ट मोबिलिटी इंडिया एक्सपो और 10वें स्मार्ट सिटीज इंडिया–2025 में श्री गडकरी ने कहा कि सरकार वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन को विशेष प्राथमिकता दे रही है। परिवहन मंत्री ने भविष्य में यात्रा समय को कम करने वाली विभिन्न परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्ली और देहरादून, दिल्ली और जयपुर तथा चेन्नई और बेंगलुरु के बीच की दूरी की यात्रा करने में अब केवल दो घंटे लगेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली और मुंबई के बीच यात्रा का समय भी घटकर बारह घंटे रह जाएगा।

......................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रत्येक गांव और ढाणी में शिक्षा का प्रभावी प्रसार प्राथमिकता से करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए कि कोई भी बच्चा स्कूल शिक्षा से वंचित ना रहे। राज्यपाल ने कल हनुमानगढ़ में जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए हर महीने मॉनिटरिंग और समीक्षा करने को भी कहा।

......................

केन्द्र सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता कल आयोजित की जायेगी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विद्यार्थी एक मॉक संसद का मंचन करेंगे और भारतीय संसद की विभिन्न प्रक्रियाओं और नियमों का पालन करते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संसद की कार्यप्रणाली से अवगत कराना और संसदीय बहस की बारीकियों को समझाना है। इसमें 55 छात्र भाग लेंगें। इससे पहले कल अजमेर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद आयोजित की गई। इसमें 50 प्रतिभागियों ने एक देश एक चुनाव पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

.....................

प्रदेश में एग्रीस्टेक योजना के तहत लगाये जा रहे शिविरों में अब तक 51 लाख से अधिक किसानों ने अपने फार्मर आईडी बनवा लिये है। कल जयपुर में राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों की शिविर से संबंधित समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक 9 हजार 805 शिविरों का आयोजन कर 51 लाख 10 हजार 310 कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। शासन सचिव ने कहा कि ये शिविर ग्राम स्तर पर 31 मार्च तक लगाये जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों को हर किसान का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। इसी कडी में जैसलमेर में आज से भू अभिलेख निरीक्षक वृत्तवार शिविर लगाये जायेंगे। 26 मार्च तक चलने वाले इन शिविरों में वृत्त क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के किसानों का पंजीयन किया जायेगा।

.....................

प्रदेश में आज से आठवी कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही है। ये परीक्षाएं 2 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षाएं एक पारी में दोपहर 2 बजे से शाम साढे चार बजे तक होंगी। इसके लिए राज्य में कुल 9 हजार 824 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। वहीं 12 लाख से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

.....................

आज विश्व गौरेया दिवस है। ये दिन हर साल 20 मार्च को दुनियाभर में हाउस स्पैरो यानी गौरेया के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है–**प्रकृति की नन्हीं संदेश वाहकों के लिए एक उपहार।**

.....................

गौरतलब है कि एशिया के ज्यादातर भागों में मिलने वाली गौरेया फिलहाल आईयूसीएन की रेड लिस्ट में शामिल है। पिछले कुछ वर्षो में गौरेया की संख्या में गिरावट को देखते हुए उनके संरक्षण के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे है। पाली में गौरेया संरक्षण के लिए खास कोशिशें की जा रही है। इसके तहत के सुमेरपुर उपखण्ड़ के पालडी गांव के दम्पत्ति ने नवाचार करते हुए घर में व्यर्थ पडी वस्तुओं से दस हजार से ज्यादा गौरेया हाउस बनाकर लोगों को वितरित किए है।

.....................

खेलो इंडिया पैरा गेम्स का दूसरा संस्करण आज से शुरू हो रहा है। 27 मार्च तक चलने वाला यह टूर्नामेंट नयी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम और डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित होगा। इसमें एक हजार 300 से अधिक पैरा खिलाडी छह स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पावरलिफ्टिंग और शूटिंग शामिल हैं। युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कल खेलो इंडिया पैरा गेम्स का गीत, शुभंकर और लोगो जारी किया। खेलो इंडिया पैरा गेम्स शुभंकर उज्ज्वला दिल्ली की गोरैय्या से प्रेरित है, जो शहर के गौरव और लड़ाई की भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा कि खेलो इंडिया पहल ने खिलाड़ियों को उल्लेखनीय मंच प्रदान किया है।

.....................

प्रदेश में आज से एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना है। इसके असर से उत्तरी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बरसात के आसार है। करौली में आज सुबह बूंदाबांदी हुई। राजधानी जयपुर और भीलवाडा में सुबह से बादल छाये हुए है। मौसम विभाग के अनुसार आज बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कुछ स्थानों पर बरसात के आसार है। इस दौरान तेज रफ्तार हवायें चल सकती है। कल जयपुर और भरतपुर संभाग में पश्चिमी विक्षोभ का असर बने रहने की संभावना है।

.....................

झालावाड में आज से स्वास्थ्य सप्ताह मनाया जायेगा। राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कल से जिले में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। हेपी माउथ इज ए हेपी माइंड थीम पर इस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिले के सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों में मूंह के रोगों से संबंधित शिविर लगाये जायेंगे। इस दौरान मुख स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए भी गतिविधियां होंगी।

.....................